सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, फर्रूखाबाद

सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद, निकट पुलिस लाइन, फतेहगढ़, फर्रूखाबाद-209601

पत्रांक / सर्व शिक्षा–सेवा प्रदाता / 7043-47 / 2011–12 / दिनांकः– 14-11-2011

आदेश

अध्यक्ष / सचिव,
जन कल्याण परिषद,
शमसाबाद, उ0प्र0
प्रधान कार्यालय 80 / 05, साइट नं0 01,
किदवई नगर, कानपुर।

राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ के पत्रांकःअधि / 663 / 2011–12 एवं 664 / 2011–12 दि0 16.05.2011 के निर्देशानुसार कार्यालय द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुसार संविदा के आधार पर कम्प्यूटर आपरेटर / सहायक लेखाकार तथा लेखाकार अभ्यर्थियों की आपूर्ति हेतु प्राप्त सेवाप्रदायी संस्थाओं से प्रस्तावों पर जिला चयन समिति की संस्तुति पर जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन दि0 03.11.2011 के क्रम में जनपद हेतु कम्प्यूटर आपरेटर / सहायक लेखाकार तथा लेखाकार की आपूर्ति हेतु आपको कार्य आवटिंत किया जाता है। अतः उक्त के क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि–

1. आप शीघ्र ही 08 कम्प्यूटर आपरेटर, 08 सहायक लेखाकार, 01 लेखाकार हेतु अर्ह / योग्य अभ्यर्थियों की सूची (कर्मियों की योग्यता, पता, दूरभाष नम्बर आदि विवरण सहित) तैनाती हेतु उपलब्ध करायेगें।
2. संविदाकर्मियों के मानेदय, प्रशासनिक व्यय, सेवा–कर, टी0डी0एस0 आदि का विवरण संस्था व अधोहस्ताक्षरी के मध्य होने वाले अनुबन्ध (रू0 100 / – के स्टाम्प पेपर पर) में अंकित कर उपलब्ध करावें, जिसकी अधिकतम अवधि 01 वर्ष होगी।
3. सेवाएँ संतोषजनक न होने की स्थिति में उपरोक्त अनुबन्ध किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है। सेवाएँ संतोषजनक होने की स्थिति में आपका अनुबन्ध का नवीनीकरण आगामी वर्ष हेतु किया जा सकता है।
4. आप द्वारा प्रस्तुत कर्मचारी के मानदेय के साथ–2 शासनादेशों में निहित व्यवस्था के अनुसार सेवाशुल्क एवं कर आदि का भुगतान अलग से मानदेय के सापेक्ष भुगतान किये जा रहे मानदेय में जोड़कर किया जायेगा।

(डॉ0कौशल किशोर)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
फर्रूखाबाद।

पृ0सं0 व दिनॉक वही।
प्रतिलिपि –निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित--

1. निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय, निशातगंज, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, फर्रूखाबाद।
3. मुख्य विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद।
3. सहा0 वित्त एवं लेखाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान, फर्रूखाबाद।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
फर्रूखाबाद।